# अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ,उ0प्र0
# Atal Bihari Vajpayee Medical University,Lucknow, U.P.

**L No 14 /22 /ABVMU/2021**
दिनाँक :21 / 05 / 2021

**सेवा में,**
प्रधानाचार्य,
राजकीय महाविद्यालय / निजी
मेडिकल / डेन्टल / पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कॉलेज
उत्तर प्रदेश।

**विषयः** सत्र 2021–22 से **राजकीय / निजी, मेडिकल, नर्सिंग, डेन्टल एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों** हेतु अनापत्ति / Letter of Consent तथा प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में।

महोदय,

उल्लेखनीय है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, अधिनियम संख्या 42 वर्ष 2018 दिनांक 22 दिसम्बर 2018, उत्तर प्रदेश शासन के नोटिफिकेशन सं0 1623 / 71–4–2020–जी–137 / 2018, दिनांक 13 अक्टूबर, 2020 को प्रवृत्त हो गया है। उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया निम्नवत् सूचित होते हुये तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रुप से करने का कष्ट करें।

अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, से अनापत्ति / Letter of Consent प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.abvmuup.edu.in पर उपलब्ध **मेडिकल, नर्सिंग, डेन्टल एवं पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों** के आवेदन पत्र को भली–भांति भरकर व हस्ताक्षर कर आवश्यक संलग्नकों सहित ई–मेल / स्पीड पोस्ट से विश्वविद्यालय को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। विश्वविद्यालय द्वारा सम्यक परीक्षणोपरान्त अनापत्ति / Letter of Consent के सम्बन्ध में लिया जायेगा। **राजकीय महाविद्यालयों हेतु** प्रति–विषय रु0 10,000.00, अनापत्ति प्रमात्र पत्र के लिये रु0 5,000.00 तथा प्रॉसेसिंग शुल्क रु0 15,000.00 **कुल रु** 30,000.00 तथा **निजी क्षेत्र के कॉलेजों** के मामलों में Letter of Consent के लिये आवेदन शुल्क प्रति–विषय (स्नातक / विषय विशेषता परास्तनातक) रु0 10,000.00, अनापत्ति प्रमात्र पत्र के लिये रु0 10,000.00 तथा प्रॉसेसिंग शुल्क रु0 50,000.00 कुल रु 70,000.00 संस्था को विश्वविद्यालय के ईन्डियन बैंक खाता (Atal Bihari Vajpayee Medical University Lucknow के नाम खाता सं0 50523223817 में IFSC सं0 (IDIB000K656) में RTGS के माध्यम से जमा कराना होगा।

कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होते हुये अपेक्षित कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय
21.5.21
**(अनिल कुमार सिंह)**
रजिस्ट्रार

संलग्नक –आवेदन पत्र का प्रारुप

*प्रतिलिपि–*

1. *निजी सचिव, मा0 कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ*
2. *संयुक्त सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4, उत्तर प्रदेश*

रजिस्ट्रार

9th floor, Academic Block, Dr. Ram Manohar Lohia Institute of Medical Sciences, Vibhuti Khand, Lucnow- 226210.
Email: vcabvmuup@gmail.com,web:www.abvmuup.edu.in